# ठाणे के मैंग्रोव वन नष्ट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ,ठाणे-वसई समेत पूरे ठाणे जिले में एक बड़ी खाड़ी का किनारा है और संबंधित विभागों की टोल वितरण के कारण सुरक्षा दीवार वाले मैंग्रोव वन का क्षरण हो रहा है। ऐसा विधायक संजय केलकर ने विधानसभा अधिवेशन में आरोप लगाया।इस समय पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे ने जवाब देते हुए कहा कि मैंग्रोव वन से संबंधित शिकायतों पर सरकार कार्रवाई करेंगी। ठाणे मनपा सीमा से सटा एक बड़ी खाड़ी का किनारा है और यहां का मैंग्रोव वन सुरक्षा दीवार की भूमिका निभाता है। हालांकि, मैंग्रोव वन साफ कर दिया गया है और वहां अनधिकृत इमारतें, मैदान, टर्फ खड़े हैं और बड़ी मात्रा में मलबा भी डाला गया है। जब इस पर कार्रवाई करने के लिए शिकायत की जाती है, तो मनपा, राजस्व विभाग पर उंगली उठाती है, जबकि राजस्व विभाग कार्रवाई की गेंद वन विभाग को थमा देता है। विधायक केलकर ने इस टोल रोड में मैंग्रोव वनों के विनाश की आलोचना की और उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि मैंग्रोव वन वास्तव में किस विभाग के अंतर्गत आते हैं। यद्यपि यह कहा जाता है कि मैंग्रोव वनों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए आदर्श नियम तैयार किए गए हैं, लेकिन वर्तमान स्थिति से यह स्पष्ट नहीं होता है। इस संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों के बीच समन्वय की कमी है, जिससे पर्यावरण के लिए खतरा पैदा हो गया है। इसलिए, क्या मैंग्रोव वनों को नष्ट करने वालों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की कोई योजना बनाई गई है ? केलकर ने यह सवाल भी उठाया। इस सवाल का जवाब देते हुए पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे ने कहा कि मैंग्रोव वनों के लिए एक अलग सेल है और राज्य में लगभग 10 हजार हेक्टेयर के तटीय क्षेत्र में मैंग्रोव है, जिसमें से 3824 हेक्टेयर वन विभाग को हस्तांतरित किया गया है। पंकजा मुंडे ने कहा कि अगर मैंग्रोव वनों के विनाश के बारे में शिकायतें आती हैं, तो उनके खिलाफ निश्चित कार्रवाई की जाएगी।

# एसटी छात्रों को सीधे स्कूल में पास योजना करीब 5 लाख 21 हजार 354 छात्रों को मिला लाभ : प्रताप सरनाईक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ,16 जून से स्कूल और कॉलेज में पढ़ने वाले लाखों छात्रों को सीधे उनके स्कूल में एसटी बस पास वितरित किए जा रहे हैं। सिर्फ 15 दिनों में यानी 16 जून से 30 जून तक 5 लाख 21 हजार 354 छात्रों को इस योजना का लाभ मिला है। यह जानकारी परिवहन मंत्री और एसटी निगम के अध्यक्ष श्री प्रताप सरनाईक ने दी है। मंत्री सरनाईक ने कहा कि नए शैक्षणिक वर्ष के पहले सेमेस्टर की स्कूलें 16 जून से शुरू हो गई हैं। सरकार ने एसटी के जरिए विद्यार्थियों को घर से स्कूल आने-जाने में 66.66% की छूट दी है, यानी विद्यार्थी सिर्फ 33.33% राशि देकर मासिक पास बनवा सकते हैं। इसके तहत 1 लाख 61 हजार 204 विद्यार्थियों को एसटी कर्मचारियों ने उनके स्कूल जाकर पास बांटे। इसी तरह सरकार की 'पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर' योजना के तहत 12वीं तक पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों को 'निशुल्क' एसटी पास बांटे जाते हैं। इसके तहत 3 लाख 60 हजार 150 विद्यार्थियों को उनके स्कूल जाकर पास बांटे गए। पहले विद्यार्थियों को पास बनवाने के लिए एसटी पास सेंटर जाकर कतार में खड़ा होना पड़ता था। या फिर वे समूह में डिपो जाकर डिपो प्रबंधन से पास बनवाते थे। अब विद्यार्थियों को पास के लिए कतार में नहीं लगना पड़ेगा। एसटी कर्मचारी अपने स्कूल और कॉलेज द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार उन विद्यार्थियों को सीधे स्कूल में ही उनके एसटी पास दे रहे हैं। इस संबंध में एसटी प्रशासन 16 जून से ₹एसटी पास सीधे आपके स्कूल₹ नामक विशेष अभियान चला रहा है। इससे पहले एसटी डिपो प्रबंधकों ने सभी स्कूल और कॉलेजों के प्रधानाध्यापकों और प्राचार्यों को पत्र लिखकर नए साल में अपने स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सूची तैयार करने को कहा था। इस अभिनव योजना का लाभ राज्य भर में पढ़ने वाले लाखों विद्यार्थियों को मिल रहा है। यह बात मंत्री सरनाईक ने कही। जून से नया शैक्षणिक वर्ष शुरू हो गया है। लाखों विद्यार्थी एसटी बसों से स्कूल जाते हैं। उनके लिए एसटी द्वारा हजारों स्कूल रूट शुरू किए गए हैं। लेकिन विभिन्न कारणों से कुछ रूट अचानक रद्द किए जाने की शिकायतें स्कूली विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की ओर से आ रही हैं। खास तौर पर आदिवासी गांवों और दूरदराज के इलाकों में स्कूली विद्यार्थियों के लिए केवल एक ही बस रूट उपलब्ध है। अगर इसे रद्द किया जाता है तो उन्हें काफी असुविधा होगी। इसलिए अब से हर डिपो प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में स्कूल रूट किसी भी परिस्थिति में रद्द न हों ! ऐसे निर्देश मंत्री प्रताप सरनाईक ने एसटी प्रशासन को दिए हैं।

फास्ट ट्रैक

# 7 साल के बच्चे को शराब पिलाने का आरोप

### शाहजहांपुर में टीवी देखने गए मासूम की हालत बिगड़ी, मेडिकल कॉलेज रेफर

शाहजहांपुर , पुवायां थाना क्षेत्र के गांव बिलसंडी बुजुर्ग में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। रामविलास के 7 वर्षीय बेटे गोविंद को पड़ोसी ने कथित तौर पर शराब पिला दी। बच्चा पड़ोस में टीवी देखने गया था। वहां वह बेहोश होकर गिर गया। सूचना मिलने पर बच्चे की मां धन देवी मौके पर पहुंची। 108 एम्बुलेंस की मदद से बच्चे को पुवायां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने बच्चे की स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया। बाद में उसकी हालत और बिगड़ने पर शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। परिवार ने पड़ोसी पर बच्चे को जानबूझकर शराब पिलाने का आरोप लगाया है। कोतवाली प्रभारी रवि करन सिंह ने कहा कि परिवार की शिकायत मिलने पर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# अंबरनाथ पश्चिम स्थित संजय नगर में सड़क के सीमेंट कंक्रीटीकरण कार्य प्रारंभ



**कांग्रेसी नेता पूर्व नगरसेवक विलास जोशी का प्रयास सफल।**

**सड़क का भूमिपूजन एडवोकेट यशवंत जोशी ने किया।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. अंबरनाथ पश्चिम स्थित वार्ड क्रमांक 23 के संजयनगर इलाके में खराब सड़क से स्थानीय निवासियों को काफी कष्टों का सामना करना पड़ रहा था। बच्चों,महिलाओं और विशेषकर बुजुर्गों को खराब सड़क पर आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। सामाजिक कार्यकर्ता चलवादी के घर के आसपास की सड़क बहुत खराब स्थिति में थी। स्थानीय नागरिकों की समस्या का संज्ञान लेते हुए स्थानीय वार्ड के पूर्व नगरसेवक विलास जोशी ने सड़क निर्माण के लिए अंबरनाथ नगर पालिका प्रशासन और शासन स्तर पर विशेष प्रयास किए जिसमें उन्हें सफलता प्राप्त हुई।नपा द्वारा बनाई जाने वाली इस सड़क का विधिवत भूमिपूजन शुक्रवार 4 जुलाई की दोपहर को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट यशवंत जोशी के कर कमलों द्वारा किया गया। उक्त भूमिपूजन कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे जिला उपाध्यक्ष यशवंत जोशी का स्वागत पूर्व नगरसेवक विलास हरिभाऊ जोशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जमसु नजारत, लक्ष्मण धनंजय सुर्वे, जाफर खान, चांद काजी, नईम शेख, रियाज शेख, बिलाल खान, इमाम शेख, अली शेख, शौकत शेख आदि उपस्थित लोग उपस्थित थे।

# कच्चे रास्ते ने ली युवक की जान

### ट्रैक्टर के नीचे दबने हुई मौत, एक महिला गंभीर रूप से जख्मी

रायबरेली, उत्तर प्रदेश के जिला रायबरेली के बछरावां क्षेत्र के कुशल खेड़ा गांव में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। जिसमें प्रशासन की लापरवाही ने 18 वर्षीय युवक की जान चली गई, जबकि एक महिला किसान गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा उस समय हुआ जब युवक ट्रैक्टर पर धान की बेढ़ लादकर खेत की ओर जा रहा था। जानकारी के अनुसार, कुशल खेड़ा गांव निवासी लवकुश (18) अपने ट्रैक्टर पर 32 वर्षीय महिला किसान शांति के साथ खेत जा रहा था। ट्रैक्टर पर धान की बेढ़ लदी हुई थी। रास्ते में बारिश के कारण कच्चे मार्ग पर काफी फिसलन थी। जैसे ही ट्रैक्टर खाई के पास पहुंचा, उसका अगला पहिया फिसल गया और वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। पलटते ही लवकुश और शांति दोनों ट्रैक्टर के नीचे दब गए। घटना की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों को किसी तरह ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला।

# टेंपो चालकों से अवैध वसूली करने वाले दो गिरफ्तार




**रायबरेली में नगर पंचायत के नाम पर वसूली करते थे, 3700 रुपये बरामद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, चंदापुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने टेंपो चालकों से अवैध वसूली करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चंदापुर चौराहे पर अवैध वसूली की सूचना मिलने पर इश्तियाक की शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों में गांधी नगर थाना महाराजगंज के गोविंद कुमार उर्फ गोविंदा और पूरे सधई मजरे अतरेहटा निवासी शैलेंद्र सिंह शामिल हैं। दोनों के पास से 3700 रुपये बरामद किए गए।

टेंपो चालकों ने इस अवैध वसूली की शिकायत कई बार थाने और जिला स्तर पर की थी। आरोपी नगर पंचायत से परमिशन का बहाना बनाकर वसूली करते थे। पुलिस ने नगर पंचायत महाराजगंज से जांच के बाद दोनों को गिरफ्तार किया। आरोपियों पर धारा 308(5)/352 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तारी में उप-निरीक्षक रवि पंवार, आरक्षी देवेंद्र कुमार और होमगार्ड रुद्रनारायण की टीम शामिल थी।

# प्राथमिक स्कूल के विलय का विरोध

### 3 किमी दूर स्कूल जाने को मजबूर होंगे बच्चे, ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन



शाहजहांपुर , जलालाबाद में प्राथमिक विद्यालय खजुरिया नगला को नगला हलू के विद्यालय में विलय किए जाने के विरोध में ग्रामीण सामने आए हैं। ग्रामीणों ने खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर यह विलय रद्द करने की मांग की है। ग्राम प्रधान राम हेत के अनुसार, खजुरिया नगला से नगला हलू की दूरी लगभग 3 किलोमीटर है। दोनों गांवों के बीच का रास्ता कच्चा है। बारिश के मौसम में चिकनी मिट्टी के कारण यहां आवागमन बंद हो जाता है। रास्ते में एक नाला भी है, जो यात्रा को और मुश्किल बना देता है। विद्यालय के विलय से बच्चों की शिक्षा प्रभावित होगी। वर्तमान में खजुरिया नगला विद्यालय में छात्रों की संख्या बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस फैसले से हजारों गरीब बच्चों की शिक्षा बाधित होगी। ज्ञापन पर अरुणा देवी, अतर काली राजपूत, गीता, पुरुषोत्तम राम, सीता, सुमन, सोनी राजरानी, शिव सिंह सहित कई

# अवैध स्कूलों पर प्रशासन की कार्रवाई

**3 स्कूल सील, 74 बच्चों का तिलक कर खिलाई मिठाई, सरकारी स्कूलों में किया दाखिल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, बिना मान्यता के चल रहे तीन निजी स्कूलों को प्रशासन ने सील कर दिया है। एडीएम अरविंद कुमार ने बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ जलालाबाद तहसील क्षेत्र में छापेमारी की। जांच में पाया गया कि ज्ञानदीप याकूबपुर में टीन शेड के नीचे 33 बच्चों को पढ़ाया जा रहा था। यहां पढ़ाने वाले शिक्षक केवल इंटर और बीए पास थे। इंटरनेशनल दिल्ली पब्लिक स्कूल नाम का एक अन्य स्कूल भी बिना मान्यता के चल रहा था। ग्राम खंडहर में तीसरा स्कूल बिना नाम-पते के संचालित था, जहां 41 बच्चे पढ़ते मिले। बच्चों को तिलक किया गया प्रशासन ने तीनों स्कूलों को सील कर प्रत्येक पर एक-एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया। ज्ञानदीप के बच्चों को याकूबपुर प्राइमरी स्कूल में और खंडहर के बच्चों को सरकारी विद्यालय संबीलियन में स्थानांतरित किया गया। एडीएम के निर्देश पर सभी बच्चों का तिलक कर नाश्ता कराया गया। खंड शिक्षा अधिकारी को मिड-डे मील की व्यवस्था और बच्चों को सुरक्षित घर भेजने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# एक लाख की चोरी का आरोपी पकड़ाया

### तिलहर में पॉक्सो एक्ट के तहत युवक गिरफ्तार, पीड़िता के पिता ने दर्ज कराया था मुकदमा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के अपहरण और एक लाख रुपए की चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के पिता ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपनी नाबालिग बेटी के गायब होने और घर से एक लाख रुपए की चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच के दौरान गांव मिल्कीपुर निवासी शोएब पुत्र शराफत की पहचान आरोपी के रूप में की। मामले की जांच में पीड़िता का मेडिकल और बयान लिए गए। इसके आधार पर पुलिस ने मुकदमे में पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी जोड़ीं। थानाध्यक्ष जुगल किशोर पाल के अनुसार, विवेचना में आरोपी का नाम सामने आने के बाद उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई।

# एटीएम बदलकर ठगी

### मजदूर के खाते से 40 हजार रुपए निकाले, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर , जलालाबाद में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम में एक मजदूर के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। हिमाचल प्रदेश में मजदूरी करने वाले धर्मेंद्र के खाते से ठगों ने 40 हजार रुपए निकाल लिए। थाना कांट क्षेत्र के गांव मुडिया आस निवासी धर्मेंद्र बैंक के एटीएम में पैसे निकालने गए थे। वह पिन डाल रहे थे, तभी दो अज्ञात व्यक्तियों ने मदद करने का बहाना बनाया। इस दौरान उन्होंने चालाकी से धर्मेंद्र का एटीएम कार्ड बदल लिया। ठग वहां से निकले और पास के दूसरे एटीएम से धर्मेंद्र के खाते से 40 हजार रुपए निकाल लिए। पीड़ित को मोबाइल पर पैसे निकलने का मैसेज आया, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। धर्मेंद्र ने बताया कि वह दो दिन पहले ही गांव आए थे। उन्होंने हिमाचल में मजदूरी कर यह पैसा जमा किया था। शुक्रवार थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जानकारी के अनुसार, बरेली रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक की इस शाखा पर ठगों का गिरोह सक्रिय है।

यह गिरोह हर महीने कई लोगों के एटीएम कार्ड बदलकर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करता है।

# 16-साल के बेटे ने मां पर किया चाकू से हमला

### शाहजहांपुर में बेटे ने किया वार, महिला का अस्पताल में इलाज जारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, एक 16 वर्षीय नाबालिग ने अपनी मां पर चाकू से हमला कर दिया। रोजा थाना क्षेत्र के लोधीपुर निवासी मीरा देवी के हाथ पर चाकू लगने से वह घायल हो गईं। घटना के बाद आरोपी बेटा मौके से फरार हो गया। मीरा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति उमेश चौहान अधिवक्ता हैं। ढाई साल पहले एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद से उनके बड़े बेटे के साथ कचहरी जाते हैं। एक जून की रात को उनके 16 वर्षीय छोटे बेटे ने घर में विवाद किया। इस दौरान वह रसोई से चाकू लेकर आया और मां पर हमला कर दिया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मीरा देवी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी के अनुसार घटना की जांच की जा रही है। फिलहाल आरोपी नाबालिग की तलाश जारी है।

# बेरोजगारी से स्मैक तस्कर बने दो युवक

### तिलहर में हाईवे किनारे से 79 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा पुलिस ने नेशनल हाईवे पर बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने स्मैक तस्करी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 79 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हुलास नगला गांव के पास ओवरब्रिज के निकट कार्रवाई की। दोनों आरोपी बरेली के फरीदपुर के मिर्धान मोहल्ले के रहने वाले हैं। पहले आरोपी का नाम मन्नान है, जो पुत्तन खां का बेटा है। दूसरा आरोपी इमरान है, जो लियाकत अली का पुत्र है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे बेरोजगारी के कारण स्मैक की तस्करी में शामिल हुए। इसी से कमाए पैसों से वे अपना जीवन यापन कर रहे थे। पकड़े जाने के समय दोनों हुलास नगला ओवर ब्रिज के पास एक लाल कपड़े पहने व्यक्ति को स्मैक सप्लाई करने आए थे। मीरानपुर कटरा पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# जॉब करने वाले प्रेमी ने किया धोखा

**शाहजहांपुर में नाबालिग ने प्रेमी के भाई के सामने खाया जहर, अस्पताल में भर्ती**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, एक नाबालिग लड़की ने अपने प्रेमी द्वारा धोखा देने पर जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना मदनापुर थाना क्षेत्र में हुई। लड़की को तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी स्थिति अब स्थिर बताई जा रही है। कटरा थाना क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग की मुलाकात डेढ़ साल पहले इंस्टाग्राम पर मदनापुर के एक युवक से हुई थी। युवक नोएडा में प्राइवेट जॉब करता है। दोनों में प्रेम संबंध विकसित हो गए और शादी का वादा भी हुआ। हाल ही में लड़की को सोशल मीडिया पर अपने प्रेमी की एक अन्य युवती के साथ तस्वीर मिली। पूछताछ करने पर प्रेमी ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया और बातचीत कम कर दी। प्रेमिका ने जानकारी जुताई तो पता चला कि वह युवती गाजियाबाद की रहने वाली है और प्रेमी उससे भी संबंध रखता है। नाबालिग मदनापुर के एक गांव में प्रेमी के भाई के घर पहुंची। उसने भाई को पूरी स्थिति बताई और शादी के लिए मदद मांगी। भाई से कोई आश्वासन न मिलने पर उसने वहीं जहरीली दवा खा ली। प्रेमी का भाई उसे तुरंत अस्पताल ले गया। पुलिस को अभी तक घटना की जानकारी नहीं है। वहीं जब इस प्रकरण में पुलिस का पक्ष जानने के लिए मदनापुर थाना प्रभारी से उनके सीयूजी नंबर पर फोन किया तो उन्होंने कॉल रिसीव नही की

**पश्चिम मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र संख्या 27 / 2025**

**निविदा सं. :** :20255015 जिसके **खुलने की तिथि :** 19 / 06 / 2025 थी, जो कि इस कार्यालय **निविदा सं. :** EPS/77/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी इसमें निम्न संशोधन किए गए हैं– **Tender No. & Short Description:** 20255015 **Description** Bogie frame with brake rigging for WAG-9 locomotive Bogie frame, **Tender Opening Date:** From 03/07/2025, **Tender Title:-** Bogie Frame with brake rigging for WAG-9 locomotive Bogie frame complete as per CLW Spec. No. CLW / MS/3/Bogie/003 Alt-2 or latest and Drg. No. 1209-01,112-202 Alt-Nil or latest along with brake gear arrangement and details for WAG9HC loco to CLW Drg/Spec No. 1209 01.116-059 Alt-5 or latest and 1209-01.216060 along with pipe line arrangement as per CLW Drg. No. 1209-12.017-032 Alt-1 or Latest suitable for brake system in fitted condition, **To - 18/07/2025, Tender Title:-** Bogie Frame with brake rigging for WAG-9 locomotive Bogie frame complete as per CLW Spec. No. CLW / MS / 3 / Bogie / 003 Alt-2 or latest and Drg. No. 1209-01.112-202 Alt-Nil or latest along with brake gear arrangement and details for WAG9HC loco to CLW Drg./Spec No. 1209-01,116-059 Alt-5 or latest and 1209-01.216060 along with pipe line arrangement as per CLW Drg. No. 1209-12 017-032 Alt-1 or latest suitable for brake system in fitted condition, NOTE: it is clarified that SET means comprising of 02 Nos/Set., अद्धतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेवसाईट https://www.ireps.gov.in. देखें

(हस्ता)

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे,जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर